राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur

Website : www.rssb.rajasthan.gov.in   Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.14(115)RSSB/अर्थना/प्लाटून क./2025/   दिनांक :–यथा हस्ताक्षरित

प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती–2025 साक्षात्कार–पत्र

बोर्ड द्वारा प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती–2025 के 84 पदों हेतु शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापदण्ड परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 08.07.2026 से 17.07.2026 तक आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र (Interview Letter) बोर्ड की वेबसाइट https://rssb.rajasthan.gov.in पर दिनांक 03.07.2026 को 00:00 बजे मध्य रात्रि से अपलोड किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक https://rssbasonline.com/ से अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर OTP प्राप्त कर साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित होंवें। बोर्ड द्वारा साक्षात्कार पत्र (Interview Letter) पृथक से ऑफलाइन रूप में प्रेषित नहीं किए जाएंगे।

साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), परिनिरीक्षण/अटेस्टेशन फॉर्म तथा समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करेंगें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के संबंध में साक्षात्कार पत्र एवं विस्तृत आवेदन पत्र मे दिये गये निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर निर्धारित तिथि एवं समय पर मय दस्तावेज उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

साक्षात्कार से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं आवश्यक दिशा–निर्देशों हेतु अभ्यर्थी समय–समय पर बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

सचिव

RajKaj Ref No.: 23183707
M e-Sign

Signature Not Verified
Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.07.02 18:48:19 IST
Reason: Approved